भर्ती हेतु सूचना

सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम निर्माण का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य तर्कसंगतता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्यकर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, उन्हें अनुकूलित कर सकेंगे, उनका सह–निर्माण और प्रचार–प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी पूर्णतः संविदा आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं और दायित्वः

मामले और जोखिम प्रबंध करनाः

- संगठन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी नीति और सर्वोत्तम प्रथा दिशानिर्देश तैयार करना और उनका कार्यान्वयन करना।
- परियोजनाओं के बीच निर्भरता का ध्यान रखना।
- एनआईसी या आवश्यकतानुसार अन्य वेंडरों से संपर्क/समन्वय करना।

प्रगति की निगरानी करनाः

- सूचना प्रौद्योगिकी एवं एप्लीकेशन्स प्रणाली का प्रबंध करना।
- प्रणालियों, नीतियों एवं प्रक्रियाओं का डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन एवं समन्वय करना।
- प्रणाली को अद्यतन, उन्नयन करने, माइग्रेशन एवं आउटेज सहित प्रमुख आईटी परियोजनाओं की निगरानी एवं समयावधि का निर्धारण करना।
- फाइल प्रबंध एवं आवागमन।
- एएमसी एवं संपर्क प्रबंध।
- समय से बीमा एवं गारंटी/वारंटी स्टेटस एवं अभिलेखों के रखरखाव के लिए उत्तरदायी।
- आईटी निकासी प्रमाण पत्र जारी करना।
- ढांचागत सुविधाओं के निष्पादन की निगरानी और इष्टतम उपयोग करना तथा बैकअप का प्रबंध करना।
- लागत बचत एवं सेवा सुधार पहलों की पहचान करना और कार्यान्वित करना।

रिपोर्टिंग एवं अभिलेखनः

- कार्यक्रम के अभिलेखों का रखरखाव करना, इसमें सभी योजनाएं, अंतिम तिथियां एवं संक्षिप्त विवरण शामिल हैं।
- कार्यकारी निदेशक/प्रधान प्रशासनिक अधिकारी/एनएचएसआरसी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताएं एवं अनुभवः

- बी.टेक (आईटी / कंप्यूटर) / बीई (आईटी / कंप्यूटर) स्नातक उपाधि / एमसीए
- सूचना प्रौद्योगिकी सहायता सेवा / नेटवर्क प्रबंध में योग्यता उपरांत 6 वर्षों का अनुभव
- अंग्रेजी / हिंदी में अच्छा मौखिक एवं लेखन कौशल

आयु सीमाः अधिकतम 45 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।
कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000 / – रु. से 99,000 / – रु. के बीच
**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदनकरने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 3rd July 2019 तक recruitments.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।